आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.12.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं को राजनीति में शामिल होना चाहिए।
- दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा के समक्ष आज पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से पहल प्लस पर जानकारी दी गई।
- द्वीपसमूह के सभी स्कूल प्रबंधन की ओर से दो दिवसीय मेगा अपार दिवस मनाया जा रहा है।
- डॉ. के चन्द्रशेखरन को अंडमान निकोबार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का नया अध्यक्ष चुना गया है।
- फिट इंडिया सप्ताह दो हजार चौबीस के तहत द्वीपसमूह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जा रहे हैं।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यही समय है, जब युवाओं को राजनीति में शामिल होना चाहिए और दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए। अहमदाबाद में रामकृष्ण मठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए श्री मोदी ने मानव जाति की भलाई के लिए, आध्यात्मिकता और स्थिरता के बीच सही संतुलन पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश में सामाजिक उत्थान में संतों के योगदान को याद किया और भारत के विकास में रामकृष्ण मिशन के योगदान की सराहना की।

<><><><><><>

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा है कि इंटरनेट आज केवल सम्पर्क का साधन ही नहीं है, बल्कि दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं, समाजों और व्यक्तिगत आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने का मंच बन गया है। इंडिया इंटरनेट गवर्नेंस दो हजार चौबीस के उद्घाटन सत्र में उन्होंने कहा कि यह मंच इंटरनेट को उत्साहजनक और सतत विकास के लिए एक शक्ति के रूप में उपयोग करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का अवसर है।

<><><><><><>

ज़िला उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आज ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा के समक्ष पहल प्लस पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर परिवीक्षाधीन अधिकारी वसंत प्रसाद दाभोलकर और अनुजा त्रिवेदी भी उपस्थित थे। यह प्रस्तुति शिक्षा विभाग की टीम द्वारा दिया गया। ज़िला उपायुक्त ने छात्रों के बीच कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा विभाग से गर्मियों की छुट्टियों के दौरान कक्षा नवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। इसका उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक कौशल से लैस करना और भविष्य के करियर के अवसरों के लिए उनकी तत्परता को बढ़ाना है। प्रस्तुति में पहल प्लस की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया, जिसे छात्रों के प्रदर्शन और सीखने के परिणामों का व्यापक रूप से मूल्यांकन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। टीम ने पहल प्लस पोर्टल के बारे में बताया, जो शिक्षकों को छात्रों की प्रगति का आंकलन करने में सक्षम बनाता है। यह पोर्टल शिक्षकों को लक्षित सुधारात्मक उपायों को डिजाइन करने और सीखने के अंतराल को कम करने में मदद करता है। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के उप–शिक्षा अधिकारी ज्ञान शील दुबे, कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर पी. राकेश प्रभु, और अन्य अधिकारी भी शामिल थे।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के सभी स्कूल प्रबंधन की ओर से आज और कल दो दिवसीय मेगा अपार दिवस मनाया जा रहा है। अपार के माध्यम से विद्यार्थियों की शिक्षा के विकास और अकादमिक रिकॉर्ड में पारदर्शिता को सुनिश्चित किया जाता है। इसमें छात्रों की दक्षता को बढ़ाने, धोखाधड़ी को कम करने और छात्रों के समग्र विकास के लिए सह–पाठ्यचर्या संबंधी उपलब्धियों को शामिल करने में सहायता मिलती है। अपार, छात्रों को गतिशीलता को सुगम बनाने, शैक्षणिक लचीलापन बढ़ाने और अपनी पसंद के शिक्षण को चुनने का अधिकार देता है। अपार पहचान सभी प्रकार के मामलों के लिए उपयोगी है, जिसमें एक स्कूल से दूसरे स्कूल में स्थानांतरण, प्रवेश परीक्षा, दाखिला, नौकरी के लिए आवेदन और कौशल विकास जैसी सुविधाएं शामिल है। स्कूल स्तर से ही क्रेडिट पहचान और स्थानांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाती है। शिक्षा विभाग ने द्वीपसमूह के सभी स्कूलों के

छात्रों के लिए आपार जेनेरेशन का कार्य शुरू किया है, जिसमें चौरानब्बे दशमलव आठ चार प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है, जिससे द्वीपसमूह को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है ।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की वार्षिक बैठक कल श्री विजयपुरम में आयोजित की गई। इस बैठक में डॉ. के चन्द्रशेखरन को वर्ष दो हजार चौबीस से दो हजार छब्बीस तक के लिए अंडमान निकोबार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का अध्यक्ष चुना गया है और मदन लाल को महासचिव बनाया गया है। यश प्रहलादका को युवा शाखा का अध्यक्ष और ज़ुबैदा बेगम को महिला शाखा का अध्यक्ष बनाया गया है। डॉ. के चन्द्रशेखरन ने अपने संबोधन में ए एन सी सी आई की भविष्य की योजना के बारे में चर्चा की। इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रहलादका ने ए एन सी सी आई की उपलब्धियों के बारे में वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष राजेश पुरिया ने वित्त वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस का ऑडिट रिपोर्ट पेश किया। बैठक में खुला सत्र के दौरान सदस्यों ने ए एन सी सी आई के व्यवस्था में और सुधार के लिए अपने सुझाव भी रखे।

<><><><><><><>

वार्ड नम्बर छः के पार्षद अज़ीज़ुर्रहमान और आटो के अध्यक्ष एम. विनोद ने डॉ. के चन्द्रशेखरन को अंडमान निकोबार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष चुने जाने पर अपनी शुभकामनाएं दी है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह मे इस वर्ष सत्ताईस से इक्कतीस दिसम्बर तक द्वीप पर्यटन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी मैदान में पांच दिनों तक चलने वाले उत्सव के दौरान स्टॉलों का आवंटन भी किया जाएगा। सामान्य स्टॉलों के लिए इच्छुक उद्यमी और व्यक्तिगत लोग अब कल तक आवेदन जमा कर सकते हैं। आवदेन फार्म सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के योजना अनुभाग में जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>

फिट इंडिया सप्ताह दो हजार चौबीस के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा स्कूली बच्चों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। पोस्टर प्रतियोगिता का विषय "फिट इंडिया, स्वस्थ भारत" या, आदिवासियों के लिए खेल" है। इसका उद्देश्य पूरे देश में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच फिटनेस जागरूकता का प्रचार करना है। इस प्रतियोगिता में अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकते हैं। पोस्टर को एक मानक चित्रकारी कागज में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। कागज के दूसरे भाग में, प्रतिभागी का नाम, जन्म तिथि, कक्षा, स्कूल का नाम लिखा होना चाहिए। सभी प्रविष्टियाँ चौबीस दिसंबर तक नेताजी स्टेडियम स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण कार्यालय परिसर में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच सभी कार्य दिवसों में जमा किया जा सकता है। स्कूलों और कॉलेजों द्वारा भी छात्रों की ओर से भी प्रविष्टियाँ जमा की जा सकती हैं। प्रथम पुरस्कार विजेता को दस हजार रुपये, दूसरे पुरस्कार विजेता को पांच हजार रुपये और तीसरे पुरस्कार विजेता को दो हजार रूपये का नकद राशि दी जाएगी। इसी सिलसिले में सेंट मेरीज़ स्कूल मोहनपुरा में हाल ही में फिट इंडिया सप्ताह के तहत वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने का संदेश दिया गया।

<><><><><><><>

सैन्य विमानों द्वारा कल सत्रह और चौबीस दिसम्बर को दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा तथा ग्यारह, तेरह, बीस और सत्ताईस दिसम्बर को सुबह दस बजे से दिन में साढ़े बारह बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान आम जनता से स्वयं को और अपने मवेशियों को फायरिंग क्षेत्र से दूर रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>